संसद भवन के सेंट्रल हॉल में याद किए गए दादा भाई नौरोजी

...

नई दिल्ली, 04 सितंबर, 2022: श्री दादा भाई नौरोजी की जयंती पर आज संसद भवन के सेंट्रल हॉल में उनके चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित की गई। पुष्पांजलि अर्पित करने वालों में राज्य सभा के महासचिव श्री पी.सी. मोदी और लोकसभा और राज्यसभा सचिवालय के वरिष्ठ अधिकारी थे।

इस कार्यक्रम में भाग लेने वाले विशिष्टजनों को लोक सभा सचिवालय द्वारा हिंदी और अंग्रेजी में प्रकाशित दादाभाई नौरोजी के जीवनवृत्त वाली पुस्तिका भी भेंट की गई।

तत्कालीन लोक सभा अध्यक्ष श्री जी. वी. मावलंकर ने 13 मार्च 1954 को संसद भवन के केंद्रीय कक्ष में दादाभाई नौरोजी के चित्र का अनावरण किया था।